केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 7 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦सोमवार ♦13 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# धामी कैबिनेट में आठ प्रस्तावों पर लगी मोहर

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक में राज्य हित से जुड़े आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं, यूनिफॉर्म सिविल कोड, विधानसभा भवन परियोजना, राज्य स्थापना दिवस और वित्तीय प्रावधानों से जुड़े अहम निर्णय लिए गए। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत अब मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र में तब्दील किया जाएगा और सुपरवाइजर नियमावली में संशोधन करते हुए 50 प्रतिशत पद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से भरने का प्रावधान लागू किया गया है,

### धामी कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय

- मिनी आंगनबाड़ी केंद्र अब पूर्ण केंद्र बनेंगे।
- सुपरवाइजर के 50% पद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से भरे जाएंगे।
- रायपुर विस परियोजना को फ्री जोन में छूट,निर्माण की अनुमति।
- स्वास्थ्य कार्यकर्ता नियमावली में संशोधन, तबादले में छूट।
- यूसीसी में नेपाली-भूटानी नागरिकों की शादी का पंजीकरण संभव।
- स्थापना दिवस पर विस सत्र की तिथि तय को अधिकार सीएम को।
- कार्मिक विभाग में पदोन्नति नियमों में शीतलीकरण का लाभ।
- वित्त विभाग में पब्लिक सेंटर से 15% मुनाफा राज्य सरकार को

जिससे कार्यकत्रियों को पदोन्नति और उन्नति के अवसर मिलेंगे। राजधानी देहरादून के रायपुर क्षेत्र में प्रस्तावित नई विधानसभा भवन परियोजना को फ्री जोन में छूट दी गई है, जिससे इस क्षेत्र में मकानों और छोटी दुकानों के निर्माण की अनुमति दी जा सकेगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक नियमावली में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है, अब कर्मचारियों को एक बार तबादले में छूट की सुविधा मिलेगी, जिससे उन्हें लचीलापन मिलेगा। यूनिफॉर्म सिविल कोड नियमावली में आंशिक संशोधन किया गया है और अब नेपाली और भूटानी नागरिकों की शादी का पंजीकरण यूसीसी पोर्टल पर आधार कार्ड या विदेशी पंजीकरण के आधार पर किया जा सकेगा। राज्य स्थापना दिवस 9 नवंबर के अवसर पर होने वाले विधानसभा सत्र की तिथि तय करने का अधिकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपा गया



है।कार्मिक विभाग की पदोन्नति नियमावली में संशोधन कर यह सुनिश्चित किया गया है कि यदि कोई कर्मचारी किसी पद पर 50 प्रतिशत सेवा पूरी कर चुका है तो स्थानांतरण के बाद भी उसे शीतलीकरण अवधि का लाभ मिलेगा। वित्त विभाग ने यह निर्णय लिया है कि ऐसे पब्लिक सेंटर जो 100 प्रतिशत टेकिंग पर कार्यरत हैं, उन्हें अपने शुद्ध मुनाफे का 15 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार को देना होगा।इन निर्णयों के माध्यम से प्रशासन में पारदर्शिता, कर्मचारियों की सुविधा और परियोजनाओं में गति गति लाने का प्रयास किया है।

क्षेत्रवासियों को धनतेरस एवं दीवाली पर्व की हार्दिक शुभकामनायें
SJ शिवा ज्वैलर्स एवं डायमंड
हमारे आभूषण आपका निखार,हॉलमार्क आभूषण और प्रमाणित हीरे
हॉलमार्क सोने के जेवर पक्के बिल के साथ पायें ● हमारे यहां 92.5 चांदी के जेवर उपलब्ध है।

| Carat | 22KT | 20KT | 18KT | 14KT |
|---|---|---|---|---|
| Purity | 91.60% | 83.33% | 75% | 58.5% |

Certified by IGI | BIS Certified | KISNA
मेकिंग चार्ज पर भारी छूट
पता - सर्राफा बाजार,शिशु मन्दिर रोड,गदरपुर(उधमसिंहनगर)


राजेन्द्र वर्मा
मो.-9837371019


मितेश वर्मा
मो.-7500537754


रितुल वर्मा
मो.-7017520256

# लाखों की हीरोइन के साथ तस्कर दबोचा

## देहरादून एसटीएफ की नानकमत्ता में बड़ी कार्रवाई

नानकमत्ता। देहरादून की एसटीएफ ने उधम सिंह नगर के नानकमता में बड़ी कार्रवाई करते हुए 151 ग्राम हीरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ तस्करी के कई उत्तर प्रदेश समेत उत्तराखंड में मामले दर्ज है। देहरादून के एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भूल्लर ने प्रेस को दी जानकारी में बताया कि एसटीएफ की कुमाऊ यूनिट टीम ने नानकमता पुलिस टीम के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी परवेज अली के



निर्देशन में एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ कुमाऊं यूनिट पावन स्वरूप की टीम ने शनिवार को नानकमत्ता के प्रतापपुर से एक हीरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 151. 17 ग्राम अवैध हीरोइन बरामद हुई। एसटीएफ की पूछताछ में अभियुक्त बलदेव सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी गुलाब सिंह का माजरा थाना केलाखेड़ा जिला उधम सिंह नगर उम्र 22 वर्ष ने बताया कि यह हीरोइन नानामता के प्रिंस ने दी थी प्रिंस सिंह की मां सुरेंद्र कौर पर नानावत्ता थाने में हीरोइन तस्करी का मुकदमा दर्ज है। साथी अभियुक्त ने बताया कि उसे पर यूपी के रामपुर के थाना मिल्क उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा थाना गदरपुर में भी कई मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए वह नानकमता में आकर यह काम कर रहा था। जांच में कई अन्य एड्रेस तस्करों के नाम भी सामने आए हैं जिनपर अलग से कार्रवाई की बात बताई गई है। एस टी एफ ने बिना पल्सर की एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस टीम में निरीक्षक पावन स्वरूप, एसआई विपिन चंद्र जोशी,जगबीर शरण, मनमोहन सिंह,वीरेंद्र चौहान आदि थे।

# बिना कागजातों के दौड़ रही बस का हुआ चालान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आज प्रात: परिवहन विभाग द्वारा डीडी चौक पर निजी बसों की फिटनेस व आवश्यक कागजातों का निरीक्षण करने का अभियान चलाया गया। इस दौरान एक निजी बस के कागजातों में कमी होने पर उसका चालान कर दिया गया। अभियान के दौरान हल्द्वानी, काशीपुर, टनकपुर मार्ग पर चलने वाली सभी निजी बसों के संचालकों व चालकों में हड़कम्प मचा रहा।



जानकारी के अनुसार डीडी चौक पर निजी बसों के जमावड़ा लगा रहने की लगातार मिल रही(शेष पृष्ठ सात पर)

# केबीसी से लखपति होकर लौटीं एंजल

देहरादून। देव भूमि की बेटियों अब हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का डंका बजाते हुए राज्य का नाम रोशन कर रही हैं। अब टीवी का मशहूर क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन-17 के जूनियर स्पेशल जैसे बड़े मंच पर उत्तराखंड की 11 वर्षीय बेटी ने कमाल कर दिखाया है। इस मंच से लखपति बन लौटीं उत्तराखंड की बेटी एंजल नैथानी ने प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने अपनी प्रतिभा से इस कार्यक्रम में न सिर्फ 12.5 लाख रुपये जीते बल्कि अपने आत्मविश्वास और अंदाज से सदी के महानायक अमिताभ बच्चन का भी दिल जीत लिया। दून पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। जूनियर स्पेशल की हॉट सीट पर बैठने वाली एंजल उत्तराखंड की पहली बेटी हैं। मूल रूप से पौड़ी जिले की रहने वाली एंजल



अपने परिवार के साथ मालदेवता के केसरवाला गांव में रहती हैं। उनके पिता मुकेश कुमार नैथानी सचिवालय राज्य संपत्ति विभाग में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। मां प्रीती नैथानी गृहणी हैं। मुकेश कुमार नैथानी ने बताया कि एंजल बीते दो साल से इस कार्यक्रम की तैयारी कर रही थीं। इस साल जब उनका चयन हुआ तो परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। हॉट सीट पर बैठने से पहले एजंल ने ऑडिशन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार जैसे महत्वपूर्ण पड़ाव पार किए। 11 वर्षीय एंजल सहस्रधारा रोड स्थित एक निजी विद्यालय में छठी कक्षा की छात्रा हैं। एंजल नैथानी की इस सफलता पर राज्यवासियों ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा एंजल ने बताया कि हमेशा अपने परिजनों का सहयोग मिला है जिसकी बदौलत यह मुकाम हासिल किया।

# फांसी पर लटका मिला सिडकुल कर्मी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आज प्रात: ट्रॉजिट कैम्प थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम फुलसुंगा में सिडकुल कर्मी युवक का शव उसके कमरे में फांसी पर लटका पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव फांसी से उतारकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव अपने



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले से उसके परिजनों को अवगत कराया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम मिसरीपुर, थाना अछलदा, औरैया उत्तर प्रदेश निवासी 27 वर्षीय कौशल कुमार पुत्र ज्ञानसिंह यहां ग्राम फुलसुंगा में पिछले डेढ़ माह से अकेले रायल ग्रीन कालोनी फुलसुंगा में लालबहादुर के मकान में किरायेदार के रूप में रहकर सिडकुल स्थित एक कम्पनी में काम करता था। बताया जा रहा है कि रविवार की रात्रि वह काम कर कमरे में वापस लौटा था और खाना खाकर सो गया। आज प्रात: जब उस भवन में रहने वाले कौशल के साथी जयदीप व अनुराग उसके कमरे में साथ चलने को आये तो उन्हें कमरा बंद मिला। जब उन्होंने दरवाजा खोला तो भीतर कौशल को मफलर से फांसी पर लटका पाया। उन्होंने मकान मालिक को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी भी वहां आ गये। उन्होंने कौशल को फांसी से उतारकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और कौशल को चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को मामले से अवगत कराया।कौशल का मोबाईल अपने कब्जे में ले लिया।

# उत्तराखंड शासन में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल : 44 आईएएस आईएफएस और पीसीएस समेत पांच जनपदों के डीएम बदले

## नैनीताल में ललित मोहन रयाल, चमोली में गौरव कुमार, बागेश्वर में आकांक्षा कोंडे ,अल्मोड़ा में अंशुल सिंह और पिथौरागढ के आशीष भटगांई नये डीएम बने

देहरादून( उद संवाददाता)। प्रदेश सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल कर नैनीताल, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिलों के जिलाधिकारियों का तबादला कर दिया। सरकार के इस व्यापक फेरबदल को आगामी 2027 के विस चुनाव की तैयारी के लिए प्रशासनिक सुधार के तौर पर देखा जा रहा है। आईएएस, आईएफएस, पीसीएस व सचिवालय सेवा के 44 अधिकारियों का कार्यभार बदला गया है। आईएएस ललित मोहन रयाल को नैनीताल व गौरव कुमार को डीएम चमोली की जिम्मेदारी दी गई है। रविवार को कार्मिक विभाग ने अधि कारियों के कार्यभार में फेरबदल के आदेश जारी कर दिए। जिलाधिकारी नैनीताल वंदना को हटाकर उन्हें महानिदेशक कृषि एवं उद्यान विभाग व अपर सचिव नियोजन का कार्यभार दिया गया। उनके साथ ही अपर सचिव कार्मिक एवं सतर्कता ललित मोहन रयाल को नैनीताल का डीएम बनाया गया है। आईएएस संदीप तिवारी को डीएम चमोली के पद से हटाकर समाज कल्याण विभाग का निदेशक बनाया है। अपर सचिव शहरी विकास गौरव कुमार को डीएम चमोली की जिम्मेदारी दी गई है। डीएम बागेश्वर आशीष कुमार भटगांई को पिथौरागढ़ का डीएम बनाया है। मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार आकांक्षा कोंडे को बागेश्वर का डीएम और रुड़की विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल सिंह को अल्मोड़ा का डीएम बनाया है। सचिव वित्त, जलागम दिलीप जावलकर से ग्राम्य विकास, ग्रामीण निर्माण विभाग हटाया गया है। सचिव पशुपालन, मस्त्य, दुग्ध विकास, सहकारिता एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीवीआरसी पुरुषोत्तम से मत्स्य निदेशक अतिरिक्त प्रभार हटा दिया है। सचिव चंद्रेश कुमार यादव से पंचायती व खाद्य आयुक्त का कार्यभार वापस ले लिया है। अब उनके पास महिला सशक्तीकरण एवं बाल विभाग रहेगा। सचिव रणवीर सिंह चौहान से महानिदेशक कृषि एवं उद्यान का पदभार हटाकर आयुक्त खाद्य की जिम्मेदारी दी गई है। सचिव पर्यटन एवं धर्मस्व धीराज सिंह गर्ब्याल को ग्राम्य विकास व ग्रामीण, सीपीडी, यूजीवीएस का अतिरिक्त प्रभार दिया है। आईएफएस डॉ. पराग मधुकर धकाते को वर्तमान पदभार के साथ विशेष सचिव पंचायतीराज विभाग कार्यभार दिया है। आईएएस विजय कुमार जोगदंडे को वर्तमान कार्यभार के साथ अपर सचिव राजस्व विभाग सौंपा दिया है। आईएएस विनीत कुमार से वन विभाग हटा कर अपर सचिव श्रम का कार्यभार सौंपा है। अपर सचिव हिमांशु खुराना को वर्तमान प्रभार के साथ वन विभाग की जिम्मेदारी भी दी है। अपर सचिव अनुराधा पाल से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा का प्रभार हटाया है। आईएएस आलोक कुमार पांडे को डीएम अल्मोड़ा के पद से हटाकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीएमजीएसवाई, सूचना प्रौद्योगिकी, निदेशक आईटीडीए बनाया है। आईएएस विनोद गिरी गोस्वामी को डीएम पिथौरागढ़ से हटाकर अपर सचिव एवं निदेशक शहरी विकास के पद तैनाती दी गई है। अपर सचिव प्रकाश चंद्र से समाज कल्याण विभाग व प्रबंध निदेशक बहुउद्देशीय वित्त विकास निगम हटा कर आयुक्त दिव्यांगजन बनाया है। आईएएस दीप्ति सिंह से निदेशक उद्यान का अतिरिक्त प्रभार हटा दिया है। पीसीएस गिरधारी सिंह रावत को सचिव लोक सेवा आयोग से पदमुक्त कर अपर सचिव कार्मिक एवं सतर्कता के पद तैनात किया गया। निदेशक समाज कल्याण चंद्र सिंह धर्मशक्तू को निदेशक मत्स्य का प्रभार दिया है। सचिवालय सेवा से अपर सचिव मायावती ढकरियाल को भाषा निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया है। अपर सचिव संतोष बडोनी को निदेशक सचिवालय प्रशिक्षण संस्थान की जिम्मेदारी दी गई है। बाध्य प्रतीक्षा रह रहे सुनील सिंह को अपर सचिव राजस्व व सचिवालय प्रशासन का कार्यभार दिया है। अपर निदेशक शहरी विकास ललित नारायण मिश्र को मुख्य विकास अधि कारी हरिद्वार के पद पर तैनाती दी है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग में परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार पांडे को आयोग में सचिव पद का कार्यभार दिया है। मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी सुंदर लाल सेमवाल को निदेशक उद्यान तैनात किया है। पीसीएस चंद्र सिंह मर्तोलिया को अपर जिलाधिकारी अल्मोड़ा से हटाकर संभागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं बनाया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन देहरादून जय भारत सिंह को मुख्य विकास अधि कारी उत्तरकाशी, पीसीएस रजा अब्बास से अपर नगर आयुक्त नगर निगम देहरादून का कार्यभार वापस लिया गया है। एडीएम चंपावत जयबर्द्धन शर्मा को लोक सेवा आयोग में परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी दी गई। पीसीएस युक्ता मिश्र को एडीएम अल्मोड़ा, कृष्ण नाथ गोस्वामी को एमडीएम चंपावत तैनात किया है। पीसीएस नरेश चंद्र दुर्गापाल को संयुक्त संचालक चकबंदी उत्तराखंड, ऋचा सिंह को डिप्टी कलेक्टर ऊधमसिंह नगर, सोनिया पंत को उप निदेशक शहरी विकास निदेशालय, सोहन सिंह को डिप्टी कलेक्टर रुद्रप्रयाग, परितोष वर्मा को नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी, चतर सिंह को डिप्टी कलेक्टर पौड़ी, अनिल कुमार चन्याल को डिप्टी कलेक्टर बागेश्वर के पद पर तैनात किया गया है।

## नैनीताल जिले की डीएम वंदना सिंह ने छोड़ी अमिट छाप ईमानदार और बेबाक छवि से बनाई प्रशासनिक पहचान

नैनीताल ।जब कोई अफसर अपनी कुर्सी नहीं, बल्कि अपने काम से नाम कमाता है तब वह शहर की याद बन जाता है। ऐसा ही नाम है नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह का, जिन्होंने 17 मई 2023 को जिले की कमान संभालने के बाद अपने कार्यकाल में प्रशासन को तेजी और पारदर्शिता से आगे बढ़ाया। उन्होंने अपनी ईमानदार और बेबाक प्रशासनिक छवि बनाकर न सिर्फ सरकार की नीतियों को जनता के बीच कार्यान्वित किया बल्कि अपनी सख्त कार्यप्रणाली से जिले में अवैध गतिविधियों और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही को अंजाम तक पहुंचाकर अमिट छाप छोड़ी है। डीएम वंदना की कार्यपणाली से क्षेत्रवासी के साथ ही प्रबुद्ध वर्ग भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने जनसंवाद के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान के साथ ही विकास कार्यो के लिए लोगों के बीच पुहंचकर सक्रियता से काम किया। जिले से तबादला होने के बाद उनकी बेबाक छवि की चर्चाए थमी नहीं है। डीएम वंदना के कार्यकाल में हल्द्वानी के वनभूलपुरा में दंगाईयों पर हुई सशस्त्र कार्रवाई ने एक मिसाल कायम की है। गौरतलब है कि वंदना सिंह का कार्यकाल



सख्ती और संवेदनशीलता का अनोखा संगम रहा। जहां अतिक्रमण की शिकायतें अक्सर दफ्तरों की फाइलों में दब जाती थीं, वहीं उन्होंने जमीन पर उतरकर कार्रवाई की। हल्द्वानी में हुए तनावपूर्ण हालात के दौरान उन्होंने साफ कहा था कि अतिक्रमण-कार्रवाई पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत होगी और किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके इस स्पष्ट रुख ने प्रशासनिक कार्यवाही को नई दिशा दी। विकास कार्यों में भी उनकी सक्रियता दिखाई दी। सड़कों, जल व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों के सुधार को उन्होंने अपनी प्राथमिकता में रखा। फिल्टर प्लांटों का निरीक्षण कर जलापूर्ति की गुणवत्ता और स्थायित्व पर निर्देश दिए। छोटे-छोटे इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारों पर ध्यान देना उनके कार्यशैली की सबसे बड़ी पहचान रही। प्रशासनिक स्तर पर उन्होंने टीमवर्क को मजबूत किया। तहसील स्तर पर रोटेशन और विभागीय फेरबदल के जरिए जिम्मेदारी और जवाबदेही का माहौल बनाया। उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन चुस्त, सक्रिय और संवेदनशील बना।हालांकि, सख्त निर्णयों और तबादलों के कारण उन्हें आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा, पर वंदना सिंह ने हमेशा शहर के दीर्घकालिक हित को प्राथमिकता दी। राजस्व भूमि पर अतिक्रमण हटाने और अवैध प्लॉटिंग रोकने की कार्रवाई उनके निर्देशों पर निरंतर जारी रही। नैनीताल के लोग यह मानते हैं कि वंदना सिंह के कार्यकाल में कई अधूरे कामों की दिशा तय हो चुकी है चाहे वह सड़क चौड़ीकरण हो, बाजारों का विकास हो या सार्वजनिक ढांचों में सुधार। आने वाले समय में इन्हीं योजनाओं की नींव पर जिले का भविष्य निर्मित होगा। जिलाधिकारी के पद पर वंदना सिंह का कार्यकाल यह साबित करता है कि एक सच्चा प्रशासक केवल आदेश नहीं देता, बल्कि उदाहरण बनता है। नैनीताल जिला प्रशासन में उनके निर्णय और नीतियाँ आने वाले अफसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी।

# वैश्य समाज राष्ट्र की आर्थिक व सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक: सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को जीएमएस रोड, देहरादून में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित दीपावली मेले में सम्मिलित हुए।इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने महाराजा अग्रसेन जी को नमन करते हुए उपस्थित जनां को दीपावली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हम सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का एक विशिष्ट माध्यम है, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर और बुराई से अच्छाई की ओर जाने की प्रेरणा देता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्य समाज सदियों से सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक बनकर संपूर्ण समाज में सहयोग, सौहार्द और विकास का प्रकाश फैला रहा है। वैश्य समाज हमारे राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक है। वैश्य समाज ने हमेशा सनातन धर्म की रक्षा और सामाजिक कार्यों के विस्तार के लिए दिल खोलकर सहयोग किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन इस मेले के माध्यम से न केवल व्यापार को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि सामाजिक एकता, स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन और लोक संस्कृति के संरक्षण का भी कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में एक ओर जहां हमारी सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वहीं 'लोकल फॉर वोकल', 'मेक




इन इंडिया', 'मेड इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से 'आत्मनिर्भर भारत' के स्वप्न को साकार करने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने राज्य में अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं और नीतियों को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिससे आज राज्य का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है। हमने राज्य हित में कई ऐतिहासिक निर्णय भी लिए हैं। हमने देश में सबसे पहले "समान नागरिक संहिता" को लागू करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी से ये आग्रह करना चाहता हूँ कि आप सभी प्रधानमंत्री जी के "स्वदेशी अपनाओ देश को मजबूत बनाओ'' के मंत्र को आत्मसात करते हुए अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें। यदि हम स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देंगे, तो हमारा ये कदम न केवल हमारे कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को सशक्त बनाएगा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के अपने "विकल्प रहित संकल्प" को पूर्ण करने हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए वैश्य समाज के मेरे सभी परिवारजन इसी प्रकार हमारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते रहेंगे और हम सभी मिलकर हमारे इस संकल्प को सिद्ध करने में अवश्य सफल होंगे। कार्यक्रम कार्यक्रम में श्री विनोद चमोली, श्री खजान दास, श्री प्रेमचंद अग्रवाल, मेयर देहरादून श्री सौरभ थपलियाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, व्यापारी, स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# बोम्बे प्लास्टिक मेगा मार्ट का लक्की ड्रा धमाका ऑफर

गदरपुर। दीपावली की पावन पर्व के मौके पर बोम्बे प्लास्टिक मेगा मार्ट प्रत्येक खरीददार के लाया है खुशियों का एक बड़ा धमाका लाया है जिसमें दो हजार रुपये की खरीददारी करने पर बंपर लक्की ड्रॉ धमाका ऑफर का लाभ उठाए, लकी ड्रॉ धमाका ऑफर का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर व छोटी बच्ची इसिका के द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। सोमवार को मुख्य बाजार स्थित बॉम्बे प्लास्टिक मेगा मार्ट पर एक बंपर लकी ड्रॉ धमाका ऑफर का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष के द्वारा फीता काटकर किया गया , ऑफर में प्रत्येक खरीदार को 2000 से ऊपर की खरीदारी करने पर एक कूपन दिया जाएगा, लकी ड्रा में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ समेत कुल 56 पुरस्कार रखे गए हैं। यह ऑफर 12 अक्टूबर से लेकर 23 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका ड्रॉ बॉम्बे प्लास्टिक मेगा मार्ट पर 26 अक्टूबर को निकाला जाएगा, और विजेता प्रतिभागियों को भव्य व



आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। इस मुहिम को देखते हुए मौके पर पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने भी सभी 56 ग्राहकों को व्यापार मंडल की ओर से एक स्मृति चिन्ह देने की घोषणा की है वही बोम्बे प्लास्टिक मेगा मार्ट के मालिक नितिन छाबड़ा ने बताया कि त्योहारों के मध्य नजर उनके प्रतिष्ठान पर यह धमाका ऑफर लागू किया गया है जिसका लक्की ड्रा 26 अक्टूबर शाम 5:00 बजे होगा उन्होंने समस्त जनता से अपील की है कि एक बार बॉम्बे प्लास्टिक मेगा मार्ट पर अवश्य पहुंचे और पूरी जानकारी प्राप्त करे।

# मुस्कान चावला ने संसद में दिया भाषण

गदरपुर। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संसद में पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जीवन पर प्रभावशाली व्याख्यान देकर उत्तराखंड का नाम गौरवान्वित करने वाली गदरपुर की प्रतिभाशाली बालिका मुस्कान चावला को सम्मानित किया गया। मुस्कान के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल क्षेत्र का मान बढ़ाया, बल्कि यह भी साबित किया कि उत्तराखंड की बेटियां शिक्षा, विचार और आत्मविश्वास के क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं हैं। मुस्कान चावला ने संसद में अपने भाषण के दौरान मालवीय जी के आदर्शों, राष्ट्रभक्ति और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि "आज की बालिका अपने साहस, दृढ़ निश्चय और मेहनत से हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही है। समाज को चाहिए कि वह बेटियों को अवसर दे, ताकि वे अपनी प्रतिभा से देश का भविष्य उज्जवल बना सकें।" मुस्कान के इस अभूतपूर्व योगदान पर कुमाऊँ केसरी अखबार के संपादक प्रदीप फुटेला एवं समाजसेवी राकेश गुंबर ने उनके घर जाकर सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदीप फुटेला ने कहा कि मुस्कान जैसी बालिकाएं वास्तव में देवभूमि की प्रेरणा हैं, जो अपनी लगन और विचारशीलता से समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश दे रही हैं। वहीं, परिजनों ने भी इस सम्मान को बेटी की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। यह सम्मान न केवल मुस्कान के लिए, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है, जिसने एक बार फिर "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" के संदेश को सार्थक किया है।



# काशीपुर में पर्यावरण पर संकट ,प्रदूषण के कारण जीना मुहाल

काशीपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र की तमाम पेपर मिलों समेत अन्य छोटे बड़े उद्योगों से प्रदूषण विभाग का नियंत्रण लगभग समाप्त हो चुका है। यहां अधिकांश कल कारखाने मनमाने ढंग से संचालित हैं। इन कल कारखाने से निकलने वाले धुएं व केमिकल युक्त पानी ने स्थानीय लोगों का जीना हराम कर दिया है। लोग लगातार गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। जलीय जीव जंतुओं को जान का खतरा सताने लगा है। फसलें चौपट होने के कगार पर है। प्रदूषण विभाग के अधिकारी तमाशबीन बने हैं इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उधम सिंह नगर में किस हद तक कारगर है। वर्ष 2019 में काशीपुर राज्य के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार था। यहां की खराब आबो हवा ने पर्यावरण के साथ इंसानी जिंदगियों को भी बुरी तरह प्रभावित किया।



सरकार की सख्ती के कारण विभाग ने तेवर तल्ख किया। उद्योगों को कानून का पाठ पढ़ाया और आम जनता ने राहत की सांस ली लेकिन पिछले लगभग 6 माह से एक बार फिर काशीपुर में तेजी से हो रहे प्रदूषण के कारण हालत गंभीर हो चुके हैं। लोगों का मानना है कि जिम्मेदार अधिकारी उद्योगों के प्रबंधन से तालमेल बनाए हुए हैं। सार्थक कार्यवाही का न हो पाना इसी की ताजा बानगी है। काशीपुर की बात करें तो मुरादाबाद रोड पर राज्य की सीमा के करीब संचालित कुछ पेपर मिलों व इलेक्ट्रिक उत्पाद( बल्ब आदि) बनाने वाली फैक्ट्रियों की चिमनियों से गाढ़ा धुंआ निकल रहा है। जहरीले धुएं के कंण से लोग नेत्र एवं स्वांस संबंधी रोगों के शिकार हो रहे हैं। इसी तरह रामनगर रोड पर एक टेक्सटाइल, बाजपुर रोड पर सरिया बनाने वाली फैक्ट्री एवं मटर प्लांट पर्यावरण के लिए काल बन चुके हैं। सूत्रों की माने तो इन उद्योगों के पास गंदे एवं रसायन युक्त पानी को ड्रेन करने का कोई सिस्टम नहीं है। यह तमाम उद्योग केमिकल युक्त पानी को या तो समीप के नदी नालों में छोड़ रहे हैं या फिर गड्ढा बनाकर भूतल में इसका निस्तारण किया जा रहा है। वायु प्रदूषण से अस्थमा ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों के कैंसर का खतरा जहां बढ़ गया है वहीं दूसरी ओर प्रदूषित हवा में मौजूद जहरीले कण हृदय रोग और स्ट्रोक के जोखिम को चुनौती दे रहे हैं। औद्योगिक अपशिष्ट नदियों में छोड़े जाने के कारण जल की गुणवत्ता लगातार खराब हो रही है।

## बैट्री रीसाइकलिंग की 28 फैक्ट्रियां उगल रही है जहर

काशीपुर। औद्योगिक आस्थान महुआ खेड़ा गंज में पर्यावरण विभाग की शह पर 28 ऐसी लेड बैट्री रीसाइकलिंग फैक्ट्रियां संचालित है जिससे बेतहाशा प्रदूषण हो रहा है। इनमें से कुछ ऐसी है जिन्हें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा ब्लैक लिस्टेड किया जा चुका है लेकिन इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों की सांठ-गांठ से बैट्री रीसाइकलिंग कर खुलेआम जहरीले धुएं एवं केमिकल युक्त पानी के रूप में प्रदूषण फैलाया जा रहा है। बगैर पर्यावरण स्वीकृति के इन फैक्ट्रियों को विद्युत कनेक्शन भी दिए गए हैं। स्थानीय एक भाजपा नेता ने इस आशय का शिकायती पत्र संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजकर फैक्ट्रीयों को अविलंब सील किए जाने की मांग की है। भेजे गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि महुआ खेड़ा गंज में बैट्री रीसाइकलिंग करने वाली 28 फैक्ट्रियां बगैर नक्शा पास कराए और प्रदूषण विभाग की अनुमति के बगैर संचालित की जा रही है। इन फैक्ट्री में हो रहे बैट्री रीसाइकलिंग से निकलने वाले प्रदूषण के कारण पर्यावरण पर संकट मंडराने के साथ ही जलीय जीव जंतुओं को भी जान का खतरा सताने लगा है। स्थानीय लोग श्वास फेफड़ा और नेत्र संबंधी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। बताया गया कि रीसाइक्लिंग कारोबार से जुड़े अधिकांश लोग भोजपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। शिकायती पत्र में यह भी बताया गया कि नियम विपरीत तरीके से चलने वाली बैट्री रीसाइकलिंग फैक्ट्रियों पर अंकुश न लगने के कारण छोटे बच्चे और वृद्ध तेजी से बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं वहीं पालतू जानवरों एवं फसलों को भी भारी नुकसान हो रहा है।

# संस्कार भारती ने आयोजित किया दीपावली परिवार मिलन' कार्यक्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संस्कार भारती की हल्द्वानी इकाई द्वारादीपावली परिवार मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रख्यात एवं नवोदित कलाकारों द्वारा विविध भारतीय कला विधाओं नृत्य, रंगोली, चित्रकला, शास्त्रीय गायन एवं काव्य-पाठ की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गयीं। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती और नटराज प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक प्रभाकर, जिला प्रचारक जितेन्द्र, तरुण, संस्कार भारती प्रांत मंत्री उद्योग भारती पांडे महानगर इकाई अध्यक्ष डॉक्टर महेश पांडे, महामंत्री मोहन पांडे, उपाध्यक्ष संजय बल्यूटिया, कोषाध्यक्ष आरएस कालाकोटी, कार्यक्रम संयोजक मनोज पांडे, दृश्य विधा प्रमुख कुसुम पांडे, कविता पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सर्वप्रथम संस्कार भारती ध्येय गीत का



समवेत गायन किया गया। मंचीय प्रदर्शन में वरिष्ठ कलाकार प्रभाकर जोशी, डा. महेश पांडे, हरीश भट्ट , हेमन्त कश्यप एवं नवोदित कलाकार विभाषना पांडे, पर्णिका पांडे, युक्तिदां पांडे, दक्षिता पांडे, रिया, कशिश व साक्षी उप्रेती ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कुसुम पांडे के निर्देशन में नवोदित कलाकारों विष्णु तिवारी, चेतन जोशी, खुशी पालड़ी, ज्योति पांडे, रिया कबड्वाल, रिया मिश्रा, आंचल, नीतिश शर्मा, जय टम्टा, पल्लवी फर्त्याल, निश्चल तिवारी, दिमिरा, भाविका, अथर्व पांडे द्वारा दीपावली रंगोली बनाई तथा चित्रकारी की गयी।मंचीय प्रस्तुतियों में गिरिजेश तिवारी द्वारा तबले पर और हरीश मेहता द्वारा हारमोनियम पर संगत की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जितेन्द्र द्वारा संस्कार भारती की कला जगत में विशिष्टता और भारत की परिवार व्यवस्था का भारतीय संस्कृति को बचाने में दिये योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृष्णकांत भट्ट, धीरज पडियार, मुकेश तिवारी, ललित तिवारी, नीरज जोशी आदि ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में अनेक कलाविदों, कला-प्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों की उपस्थिति रही।

# रम्पुरा कटोरी मंदिर में हुआ भक्ति कीर्तन

रुद्रपुर। नगर के रम्पुरा स्थित प्रसिद्ध कटोरी मंदिर में श्री गोगाजी जाहरवीर के सम्मुख सोमवार को महिला मंडल द्वारा भक्ति और उत्साह के वातावरण में कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर "जय श्री श्याम" और "जय माता दी" के जयघोषों से गूंज उठा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी पहुंचे। मंदिर पहुंचकर ठुकराल जी ने श्रद्धाभाव से माथा टेका और उपस्थित माता-बहनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने महिलाओं के भक्ति भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी माता जी की ओर से मंदिर में बाबा की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की,



जिससे श्रद्धालुओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस दौरान महिलाओं द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्याओं ने मधुर भजनों के साथ भगवान का गुणगान किया। ढोलक, मंजीरा और झांझ की ध्वनि पर महिलाओं ने नृत्य करते हुए कीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांति कोली, विद्या रानी, माया देवी, सरोज, कमलेश कोली, विमला कोली, सुनीता कोली, मुस्कान कोली, सोनी कोली, सुमन कोली, राजरानी, उर्मिला, रानी, विमला, आशा, रामश्री, कोमल, माया, लक्ष्मी देवी, डोली, सुनीता कोली, शगुन, गुन्नू, सिया, अनु, छुट्टन कोली, मिलाल कोली, पप्पू कोली, अरुण कोली, शिवम कोली, सुरेश कोली, झम्मन लाल कोली, धर्मपाल कोली, शंकर कोली के साथ-साथ समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, राहुल कोली और राजू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जर्नलिस्ट यूनियन आफ उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री का भव्य स्वागत

काशीपुर। जर्नलिस्ट यूनियन आफ उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंत के यहां काशीपुर पहुंचने पर पत्रकारों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। रविवार को अपराहन देहरादून से काठगोदाम जाते हुए श्री पंत कुछ देर के लिए मोहल्ला महेशपुरा (जीत कालोनी ) स्थित श्री शाह जी ऑटोमो बाइल्स नामक प्रतिष्ठान पर रुके। मौजूद साथी पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पत्रकार को तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए इससे समाज में उसकी विश्वसनीयता बढ़ती है। उन्होंने कहा की न्यूज को न्यूज के कॉन्सेप्ट के हिसाब से तैयार करना चाहिए। न्यूज में अपने व्यूज शामिल करने से निष्पक्षता पर सवाल खड़े होने लगते हैं। उन्होंने पीत



पत्रकारिता से बचने की सलाह दी। कहा कि पीत पत्रकारिता देश व प्रजातंत्र के लिए नुकसानदायक है। जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश महामंत्री ने यह भी कहा कि आपस में मतभेद होना चाहिए लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने वैचारिक एकजुटता पर बल दिया। कहा कि वैचारिक रूप से हम आपस में एकजुट होकर एक प्लेटफार्म पर एकत्रित नहीं हुए तो पत्रकार हित में भविष्य के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में पत्रकारिता चुनौती पूर्ण हो चुकी है। कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए संगठन द्वारा प्रयास लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि कई बार पत्रकारों के साथ अनहोनी घटित होने पर उनके परिजनों को सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। श्री पंत ने कहा कि जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ उत्तराखंड पत्रकारों के हितों को लेकर पिछले ढाई दशक के करीब से लगातार संघर्ष कर रहा है। कहा कि आने वाले समय में वास्तविक कलमकारों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित होगा। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव, केकेसी न्यूज चैनल के स्टेट हेड अली जान समेत दर्जनों स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे।

# डीडीए लागू होने के खिलाफ गरजे ग्रामीण

रामनगर। छोई क्षेत्र को जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) की सीमा में शामिल किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में रविवार को शिव मंदिर प्रांगण, छोई में ग्रामीणों की एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और डीडीए के विरोध में जमकर नारेबाजी की। बैठक में ग्रामीणों ने एक सुर में कहा कि अगर जिला विकास प्राधिकरण की सीमाएं ग्रामीण क्षेत्र तक बढ़ाई गईं तो इससे यहां के लोगों को निर्माण कार्य, भूमि उपयोग और भवन अनुमति जैसी अनेक प्रक्रियाओं में अनावश्यक परेशानी और आर्थिक बोझ झेलना पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी देते



हुए कहा कि यदि प्रशासन ने डीडीए को हटाने की हमारी मांग नहीं मानी, तो हम सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे और जरूरत पड़ी तो न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि वह किसी भी हाल में ग्रामीण क्षेत्र में डीडीए जैसे शहरी नियमों को लागू नहीं होने देंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में छोई क्षेत्र के तमाम ग्रामवासी, युवा और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर डीडीए के विस्तार के खिलाफ एकजुट संघर्ष का आह्वान किया।

# 53 कैमरे हुए बंद ,शहर की कानून व्यवस्था हुई भगवान भरोसे

रामनगर। रामनगर की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए वर्ष 2017-18 में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट द्वारा विधायक निधि से रामनगर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए करीब 26 लाख रुपए कोतवाली पुलिस को दिए गए थे इसके साथ ही पूर्व सांसद तीरथ सिंह रावत द्वारा भी सांसद निधि से कोतवाली पुलिस को पांच लख रुपए की धनराशि दी गई थी इसके बाद रामनगर कोतवाली पुलिस ने रामनगर के कई इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए थे कैमरे लगने के बाद जहां को रामनगर में बीते दिनों घटी कई अपराधिक घटनाओं में पुलिस ने इन कैमरे की मदद से अपराधियों को पकड़ते हुए घटनाओं का खुलासा किया था तथा पुलिस को कैमरो से काफी मदद भी मिली थी तो वही अपराधियों में भी भय का माहौल बन चुका था लेकिन वर्तमान में 57 कैमरो में से 53 कैमरे पिछले कई महीनो से खराब पड़े हैं इसके बाद लगातार नगर क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं भी बढ़ रही है तो वही दीपावली का त्यौहार भी नजदीक है दीपावली को लेकर जहां एक और बाजार में खरीदारी को लेकर लोगों की काफी भीड़ रहती है ऐसे में अब खरीदारी करने वाली जनता की सुरक्षा भी भगवान भरोसे है यदि बाजार में कोई भी अपराधिक घटना घटती है तो जहां एक और पुलिस के लिए बड़ी चुनौती होगी तो वही व्यापारियों एवं जनता पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा और अपराधी किसी भी घटना को अंजाम देने में सफल हो सकेंगे मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि कैमरे की मरम्मत को लेकर नगर पालिका प्रशासन से वार्ता की गई है तथा नगर पालिका प्रशासन द्वारा इसके लिए पुलिस को बजट देने का आश्वासन दिया गया है तो वहीं उन्होंने कहा कि दीपावली पर रूम में किसी भी प्रकार की अराजकता सहन नहीं की जाएगी तथा बाजार में खरीदारी करने के लिए आने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के साथ ही प्राइवेट वर्दी में महिला व पुरुष पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी उन्होंने कहा कि खराब पड़े कमरों की मरम्मत भी ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।






# आनंद ज्वेलर्स में 51 हजार की खरीदारी पर सोने का सिक्का फ्री

## त्योहारों के चलते ज्वेलर्स ने दिया ऑफर, लोगों की एडवांस बुकिंग हुई शुरू, ऑफर 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक लागू

गदरपुर। धनतेरस, दीपावली के मौके पर आमतौर पर लोग परंपरागत रूप से सोने और चांदी के आभूषण की खरीदारी करते हैं ऐसी मान्यता है कि इससे धन की देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती है धनतेरस दीपावली के मौके पर नगर के आनंद ज्वेलर्स की तरफ से शानदार ऑफर ग्राहकों को दिए जा रहे हैं जिसमें सोने,हीरे और चांदी के गहनों पर शानदार छूट भी दी जा रही है आनंद ज्वेलर्स के एमडी रवि सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दीपावली पर अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर लागू किया है जिस ऑफर में 51000 रु की गोल्ड खरीदारी पर एक सोने का सिक्का ग्राहकों को बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है उन्होंने





बताया यह ऑफर 12 अक्टूबर से शुरू होकर 22 अक्टूबर तक लागू रहेगा उन्होंने बताया गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर भी भारी छूट है, डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर भी विशेष छूट उपलब्ध है साथ ही हर खरीद पर आकर्षक उपहार भी दिया जाएगा पूरी तरह हॉलमार्क गोल्ड और आईटी प्रमाणित डायमंड ज्वेलरी के सेट्स की विस्तृत श्रृंखला मौजूद है आने वाले विवाह सीजन के लिए पारंपरिक आधुनिक सेट के साथ चांदी के आर्टिकल भी उपलब्ध है रवि सचदेवा ने बताया कि 22 कैरेट 20 कैरेट 18 कैरेट के सोने पर 100% गोल्ड एक्सचेंज ऑफर लागू है।

## व्यापार के साथ समाजसेवा में भी बढ़कर हिस्सा लेते हैं रवि सचदेवा

गदरपुर। आनंद ज्वेलर्स प्रतिष्ठान 1979 से नगर में मौजूद है जब से लेकर आज दिन तक उनके परिवार के लोग और अब वह लोगों के दिलों में एक अलग पहचान बन चुके हैं आपको बता दे कि रवि सचदेवा व्यापार के साथ-साथ समाज सेवा में भी बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाते हैं आनंद ज्वेलर्स के एमडी रवि सचदेवा के मधुर व्यवहार और आचरण के सभी लोग कायल हैं शुरुआत से ही उनका लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेजोड़ गुणवत्ता प्रदान करना रहा है आनंद ज्वेलर्स की प्राथमिक की रणनीति हमेशा ईमानदारी और सत्य निष्ठा के साथ गदरपुर में सर्वोत्तम हॉलमार्क सोने चांदी और हीरे के आभूषण पेश करने की रही है रवि सचदेवा ने बताया कि इन त्योहारी सीजन में आनंद ज्वेलर्स फिर भारी ऑफर्स लेकर आपके बीच आ गया है उन्होंने बताया कि सोना चांदी की खरीदारी केवल आर्थिक दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि धार्मिक मान्यता से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है यदि आप भी धनतेरस के शुभ अवसर पर सोने और हीरे के आभूषण खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं और किसी ऑफर की तलाश में है तो आइए शिशु मंदिर रोड सर्राफा मार्केट आनंद ज्वेलर्स पर आपका स्वागत है।

## 25 हजार की डायमंड ज्वेलरी खरीद पर लक्की ड्रा का उठायें लाभ-प्रेम सचदेवा

गदरपुर। आनंद ज्वेलर्स के एम डी प्रेम सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि कृष्णा कंपनी की ओर से दिए गए ऑफर्स का सभी ग्राहक लाभ उठाएं उन्होंने बताया कि प्रिय ग्राहक आनंद ज्वेलर्स पर पहुंचे और 25000 रुपए की डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर ग्राहक लकी ड्रा में भाग ले सकते हैं, जिसमें कार और अनेकों स्कूटी लकी ड्रा के द्वारा निकाली जाएगी प्रेम सचदेवा ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि हमने त्योहारों के लिए आभूषणों के नए कलेक्शन पेश किए हैं हम इस धनतेरस और दीपावली पर मेकिंग चार्ज पर भी छूट देंगे इसके अलावा शादी विवाह के लिए हमारे पास 20% से अधिक गहने बनवाने के ऑर्डर है! वही शादियों के मौसम के लिए नए आभूषण कलेक्शन पेश करने के साथ



सोने में एक्सचेंज ऑफर की योजना हमारे द्वारा लागू की गई है शादियों के लिए ग्राहक अक्सर पुराने आभूषणों को बेचकर नई आभूषण को लेना पसंद करते हैं वे बताते हैं कि हमें उम्मीद है इस साल त्योहार और शादी ब्याह में सोने की बिक्री काफी अच्छी होगी उन्होंने सभी ग्राहकों से विनम्र अपील की है एक बार शिशु मंदिर रोड सराफा बाजार आनंद ज्वेलर्स पर पहुंचे और विजिट जरूर करे।

आनंद ज्वेलर्स विश्वशनीय शोरूम है हमे जब भी गोल्ड की खरीददारी करनी होती है निसंकोच हम वहां जाते है और जो वैरायटी हमे चाहिए होती है वहां सब मिल जाती है कई वर्षों से हम इनके प्रतिष्ठान और इनसे जुड़े हुए।

**मो0 शादाब, समाजसेवी गदरपुर।**

पिछले कई वर्षों से हम नगर में मौजूद आनंद ज्वेलर्स परिवार से जुड़े हुए है आनंद ज्वेलर्स समय-समय पर अपने ग्राहकों को विशेष छूट और गिफ्ट देकर सम्मानित भी करता है हमें गोल्ड डायमंड की सभी वैरायटी एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जाती है अभी तक हमें किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत उनके द्वारा दिए गए समान में नहीं आई है।

**देवेंद्र चौधरी ( रिंकू ) गदरपुर।**

# परीक्षा रद्द होने पर बेरोजगार संघ ने सीएम धामी का जताया आभार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड बेरोजगार संघ व तकनीकी डिप्लोमा प्राप्त छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया कि राज्य सरकार ने युवाओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए परीक्षा प्रक्रिया में अनियमि तताओं की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लिया और संबंधित परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया।संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा परीक्षा की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम युवाओं में विश्वास और आशा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जिस तत्परता और संवेदन शीलता के साथ इस मुद्दे पर कार्रवाई की, वह युवाओं के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार योग्यता और पारदर्शिता पर आध



ारित भर्ती प्रक्रिया के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट संदेश है कि उत्तराखंड में किसी भी भर्ती परीक्षा में भ्रष्टाचार, नकल या अनुचित साधनों के लिए शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत और प्रतिभा के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नकल विरोधी कानून लागू कर परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में सशक्त कदम उठाया है। इस कानून के लागू होने से अब कोई भी व्यक्ति या संगठन परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है कि हर पात्र युवक- युवती को निष्पक्ष अवसर मिले और राज्य के सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता और विश्वास का माहौल स्थापित हो। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं की मेहनत, लगन और ईमानदारी ही राज्य के भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, और सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। संघ के प्रतिनिधि यों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि भविष्य की परीक्षाओं में नकल-रोधी प्रावधानों को और अधिक सुदृढ़ किया जाए तथा भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों के सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि पारदर्शी भर्ती ही सुशासन की पहचान है, और राज्य सरकार इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।




## पर्स व सामान चुराने वाली दो शातिर महिलाएं गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। करवाचौथ के मौके पर बाजार में खरीददारी करने आई महिलाओं के पर्स व अन्य सामान चोरी करने वाली बरेली निवासी दो शातिर महिलाओं को मंगलपडाव चौकी पुलिस ने सिर्फ 2 घंटे में गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया सामान भी बरामद कर लिया। गिरफ्तार महिलाएं रिश्ते में बुआ और भतीजी हैं। जानकारी के अनुसार 9 अक्टूबर को सुशीला आर्या ने थाना काठगोदाम में शिकायत दर्ज कराई कि वह साहुकारा लाईन, बाजार मंगलपङाव में खरीदारी कर रही थी, तभी पीछे से आई दो महिलाओं ने उसके पर्स को उसके कपड़े के थेले से चोरी कर लिया। रपट दर्ज कर उनि गौरव जोशी, चौकी प्रभारी मंगलपङाव को विवेचना के लिए सौंपा गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर आरोपियों की पहचान की। जिसके बाद पुलिस टीम ने दो संदिग्ध शातिर महिलाओं को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया। उन्होंने अपना नाम पता मिथलेश पत्नी सुरेन्द्र, निवासी बरेली व मीना पत्नी रामकिशोर, निवासी बरेली बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी का पर्स, 3000 रुपए नकद, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड और रिज्यूमे बरामद हुआ। गिरफ्तार महिलाओं ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे त्योहारों के दौरान महिलाओं के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पर्स और ज्वेलरी चोरी करती हैं। उनका कहना था कि वे पहले टारगेट वाली महिला को उलझा देतीं और फिर उसका सामान चोरी कर लेतीं है। पुलिस के अनुसार यह पहला मामला नहीं है दोनों पहले भी हल्द्वानी बाजार में चोरी कर चुकी हैं। दोनों महिलाएं आपस में रिश्तेदार भी हैं। गिरफ्तार करने में शामिल टीम में उनि गौरव जोशी, प्रभारी चौकी मंगलपङाव, का.भूपाल सिंह, संतोष विष्ट, राधारानी शामिल थे।



## भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने जीती उपविजेता ट्रॉफी

बिलासपुर। रामपुर एथलेटिक्स संगठन द्वारा रविवार को आयोजित प्रथम जिला एथलेटिक्स मीट में जिले के आठ से नौ प्रतिष्ठित स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में भानु प्रताप पब्लिक स्कूल, शारदा नगर, डिबडिबा, बिलासपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता ट्रॉफी अपने नाम की।भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने कुल 12 पदक जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और खेल शिक्षकों श्री सुनील सिंह, सुश्री वंदना तथा श्री राजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन का परिणाम रही।अंडर-12 वर्ग में अंकित दास ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, प्रतीक ने 200 मीटर दौड़ में रजत पदक, हर्ष ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक तथा इशिता चौरसिया ने लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता।अंडर-14 वर्ग में वैष्णवी ने लंबी कूद में स्वर्ण, जबकि कनिका और लस्या ने क्रमशः लंबी कूद व 100 मीटर दौड़ में रजत पदक प्राप्त किए।अंडर-17 वर्ग में नेत्र सिंह ने भाला फेंक में स्वर्ण, प्राची साहनी ने लंबी कूद में स्वर्ण, शिवम सेमवाल ने 100 मीटर दौड़ में रजत, रौनक यादव ने गोला फेंक में रजत पदक जीता। आदित्य कुमार ने गोला फेंक में चौथा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं, प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों के समर्पण और जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल जीत का उत्सव नहीं,



बल्कि मेहनत, अनुशासन और टीम भावना के मूल्यों का प्रतीक रही। भानुप्रताप पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर यह साबित किया कि समर्पण और टीमवर्क से हर चुनौती को सफलता में बदला जा सकता है।








रुद्रपुर के किच्छा बायपास रोड, स्थित रंगरेज स्वीट्स का शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में हुआ भव्य शुभारंभ।





# माता की चौकी में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर। शहर की प्रतिष्ठित बत्रा कॉलोनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य माता की चौकी का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। भजन-कीर्तन के स्वर और भक्तिमय वातावरण देर रात तक गूंजता रहा। कार्यक्रम में महापौर विकास शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में पहुंचकर हाजिरी लगाई और माता रानी के चरणों में नमन करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों के लिए सुख, समृद्धि और कुशल जीवन की कामना की। माता की चौकी में आगमन पर बत्रा रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों ने महापौर विकास शर्मा का स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में रुद्रपुर शहर निरंतर प्रगति की दिशा में अग्रसर है। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। माता रानी की कृपा से हमारा नगर निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मैं बत्रा कॉलोनी के सभी निवासियों को इस दिव्य आयोजन के लिए बधाई देता हूँ। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और हमें एकता, शांति व सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। नगर निगम भी सदैव आपके साथ है और जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे आयोजन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन पर देर रात तक झूमते रहे। भक्ति गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। माता रानी के जयकारों से कॉलोनी गूंज उठी। बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर बत्रा रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष बृजेश शर्मा, बिलासपुर पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मवीर मित्तल, सचिव विपिन त्यागी, कोषाध्यक्ष बाला दत्त नैनवाल, संरक्षक रोहताश बत्रा एवं योगराज बत्रा, एडवोकेट प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, विनय बत्रा, के.सी. बठला, सोसाइटी मंत्री मोहित कौशिक सहित अन्य सदस्य और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।





## युवक कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम घोषित

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। उत्तराखंड युवक कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव का बिगुल बज गया है। जिला चुनाव प्रभारी भवेश प्रताप पाठक ने चुनाव की रूपरेखा जारी कर दी है। स्वराज आश्रम में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान युवक कांग्रेस के नैनीताल जिला चुनाव प्रभारी भवेश प्रताप पाठक ने बताया कि युवक कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव पूरी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत कराए जाएंगे। ये चुनाव ब्लॉक, विधानसभा, जिला एवं राज्य स्तर पर संपन्न होंगे। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक ढंग से नेतृत्व के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा अब युवा नेता सीधे सदस्यता से चुने जाएंगे। श्री पाठक ने बताया कि युवक कांग्रेस देश का पहला राजनीतिक संगठन है, जो पारदर्शी एवं निष्पक्ष आंतरिक चुनावों के माध्यम से योग्य नेतृत्व को आगे लाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक युवा इस चुनाव प्रक्रिया में भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाएं।इस अवसर पर गोविंद बगड़वाल, राजा फर्श्वान, जीवन बिष्ट, उदित करायत, मो. इमरान, मो. आसिफ, अमन महेंद्र, मयंक गोस्वामी, शोभित कुमार, बंटू आर्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया युवक कांग्रेस के सदस्य एवं पदाधिकारी बनने की आयु 18 से 35 वर्ष है। 26.10.1989 से 24.10.2007 के बीच जन्मे युवा इस चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। 6 अक्टूबर 2025 से सदस्यता शुरू होगी। 8 से 14 अक्टूबर तक प्रचार, 24 से 30 अक्टूबर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक नामांकन, 24 से 31अक्टूबर नामांकन शुल्क भुगतान, 24 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक आपत्तियां, अंतिम 5 नवम्बर को व सदस्यता मतदान 10 नवम्बर से 9 दिसम्बर तक होगा।



## महतोष-मानूनगर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। प्रतिक्षित विकासात्मक पहल के तहत महतोष-मानूनगर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ सफलतापूर्वक हो चुका है। यह सड़क लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से करीब 4 किलोमीटर लंबी होगी और इसके निर्माण के लिए सीएसआर फंड निधि का उपयोग किया जाएगा। बीती सांय कार्यक्रम महतोष गुरुद्वारे के समीप आयोजित किया गया था। इस मौके पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा और भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने स्थानीय जनता के बीच सड़क निर्माण की महत्वता पर जोर देते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर और सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर व राजेश बजाज ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए आगामी परिवहन और आवागमन में सुधार की आस जताई। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र में सड़क संपर्क मजबूत होगा, जिससे लोगों के दैनिक जीवन में सहजता आएगी और क्षेत्र की समग्र प्रगति को बल मिलेगा। सुंदर भविष्य की ओर बढ़ते रुद्रपुर के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, और जनता की सहभागिता से इस दिशा में और भी प्रयास जारी रहने की उम्मीद है। विधायक श्री शिव अरोड़ा ने स्थानीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए और भी कई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।



## श्रीमद्भागवत कथा में बाल व्यास कृष्णा शरण महाराज को किया सम्मानित

रुद्रपुर। नगर के वार्ड नंबर 12 दूधिया नगर कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार 12 अक्टूबर को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पहुंचकर कथा श्रवण किया और श्रद्धा भाव से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान किया। इस अवसर पर उन्होंने 15 वर्षीय बाल व्यास कृष्णा शरण महाराज को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि इतनी कम उम्र में कृष्णा शरण महाराज द्वारा वेद, पुराण और भागवत जैसी दिव्य कथाओं का सजीव वर्णन करना वास्तव में समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों और भक्ति की भावना का संचार होता है, और युवाओं को ऐसे आयोजनों से जुड़कर जीवन में सद्भाव और संस्कारों को अपनाना चाहिए। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने कथा श्रवण के दौरान "हरे कृष्ण हरे राम" के जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में गौकर्ष जी महाराज, पंडित कपिल महाराज, वादन प्रेम सहित अनेक संतों एवं भक्तों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को पावन बना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, राहुल कोली, राजीव गुप्ता, रमेश यादव, कमलेश गुप्ता, अजय यादव, डॉ. राकेश, पप्पू शर्मा, सुरेश शर्मा, अनिल गुप्ता, नरेंद्र गंगवार, बृजेश गंगवार, मुकेश शर्मा, बुद्धेश्वर गुप्ता, अशरफी लाल श्रीवास्तव, प्रमोद गंगवार, राकेश कुमार, जसवंत राठौर, प्रमोद शर्मा, पंकज शर्मा, रेखा यादव, साधना यादव, सुशीला, सुधा, ममता शर्मा, भूरी देवी, बृजेश शर्मा, तुलाराम, विमल रस्तोगी, आकाश रस्तोगी, शकुंतला यादव, सावित्री गुप्ता, आरती देवी, आरती कुमारी, आंचल गंगवार, रेखा श्रीवास्तव, ममता शर्मा, नंदराम सोमपाल, राजेंद्र शर्मा, नन्हे यादव, बृजमोहन, सियाराम गंगवार, शिवकुमार गुप्ता, अमित यादव, अंकित यादव, हिमांशु यादव, ऋतिक, प्रियांशु गंगवार, सूरज गुप्ता, दीपक गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धालुओंके सहयोग से भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि कथा का समापन हवन और भंडारे के साथ किया जाएगा, जिसमें समस्त भक्तों को आमंत्रित किया गया है।



## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# तालीबान के मानदंड

भारत में महिला सशक्तीकरण की तस्वीर को सिर्फ इतने से समझा जा सकता है कि आज यहां महिलाएं अमूमन हर क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी हैं। वे किसी भी जिम्मेदारी या दायित्व के मामले में बेहतरीन नतीजे दे सकती हैं। मगर चाहे-अनचाहे कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें महिलाओं के खिलाफ दुराग्रह आम दिखते हैं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने अपने भारत दौरे के क्रम में नई दिल्ली में शुक्रवार को जो संवाददाता सम्मेलन किया, उससे महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया। जिस दौर में भारत की बहुत सारी महिला पत्रकार देश-दुनिया की मुख्यधारा की पत्रकारिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रही हैं, वैसे समय में किसी देश के विदेश मंत्री से सवाल करने वालों के बीच उन्हें जगह नहीं दी जाए, तो यह न केवल सामान्य औपचारिकता के खिलाफ है, बल्कि पत्रकारिता के मोर्चे पर बेहद सक्षम रही महिलाओं को कमजोर मानने की तरह है। यह संभव है कि किसी देश के दूतावास के परिसर के संदर्भ में जो नियम-कायदे लागू होते हैं, उसके मुताबिक मेजबान देश के दखल की एक सीमा होगी। मगर यह विचित्र है कि संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को बाहर रखने के मसले पर सरकार की ओर से कोई औपचारिक विरोध दर्ज नहीं किया गया। इस मुद्दे के तूल पकड़ने के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जरूर जारी किया कि इस संवाददाता सम्मेलन में उसकी कोई भूमिका नहीं थी! सवालों से घिरने के बाद रविवार को मुत्ताकी के एक और संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को भी बुलाया गया। इसे सिर्फ गलती में सुधार की कोशिश ही कहा जा सकता है! इससे पहले के संवाददाता सम्मेलन में महिलाओं को बाहर रखने के पीछे की मानसिकता सवालों से परे नहीं हो जाती। दुनिया भर में भू-राजनीतिक तकाजों के मुताबिक रणनीतिक रूप से किसी अन्य देश के साथ संवाद और संबंध के ऐसे प्रारूप तय किए जा सकते हैं, जिससे अपने देश के हित सुनिश्चित किए जा सकें। आतंकवाद के मोर्चे पर अफगानिस्तान के साथ संवाद कायम करना भारत के हित में हो सकता है, लेकिन इस क्रम में तालिबान के वैचारिक मानदंडों या मानसिकता को जगह देना कितना सही माना जा सकता है।

# विकास और पर्यावरण को प्रतिद्वंद्वी नहीं, पूरक बनाना होगा : राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को दून विश्व विद्यालय, देहरादून में आयोजित इंडियन एसोसिएशन ऑफ सोशल साइंस इंस्टीट्यूशंस के 24वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में प्रतिभाग किया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश से आए प्रख्यात विद्वानों ने विभिन्न सत्रों में सामाजिक कल्याण, अर्थशास्त्र, रोजगार, उद्योग, कृषि, तकनीकी, पर्यावरण और नगरीकरण जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय असंतुलन और असमान विकास जैसी चुनौतियों के स्थायी समाधान और नई दिशा की तलाश में है। ऐसे समय में यह सम्मेलन केवल एक अकादमिक विमर्श नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक चेतना, साझी जिम्मेदारी और पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त आह्वान है। उन्होंने कहा कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि पूरक बनाना ही सच्चा सतत विकास है। राज्यपाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज केवल वैज्ञानिक मुद्दा नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न बन चुका है। अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों का अति-दोहन इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि इस संकट से निपटने के लिए केवल नीतियाँ या तकनीक पर्याप्त नहीं होंगी, बल्कि हमें जीवनशैली में परिवर्तन, जनसहभागिता और प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहकर नीतियां बनानी होगी। राज्यपाल ने कहा कि हमारे पर्वतीय राज्यों के लिए पर्यावरणीय चुनौतियाँ और भी




संवेदनशील हैं। भूस्खलन, मृदा क्षरण, नदियों का कटाव और वन्य जीवों के आवासों में कमी जैसे मुद्दे अब केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्थिरता से भी जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय समुदायों की भागीदारी, वैज्ञानिक और पारंपरिक ज्ञान का समन्वय तथा जनजागरूकता और शिक्षा तीनों को एक साथ जोड़ना आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि शहरीकरण आर्थिक प्रगति का वाहक है, परंतु अनियोजित शहरीकरण असमानता, प्रदूषण और संसाधनों की कमी का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमें "स्मार्ट सिटीज" के साथ-साथ "ग्रीन सिटीज" की भी परिकल्पना करनी होगी, जहाँ भवन ऊर्जा-कुशल हों, परिवहन स्वच्छ हो और हरित आवरण पर्याप्त हो। सतत विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करना है। राज्यपाल ने युवाओं से कहा कि वे केवल भविष्य के विद्यार्थी नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माता हैं। उनके विचार, शोध और संवेदना ही हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की दिशा तय करेंगे। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मेलन ज्ञान, संवाद और नीति-चिंतन का उत्कृष्ट मंच बना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ हुए मंथन से निकले विचार हिमालयी क्षेत्र के सतत विकास के लिए नई दिशा प्रदान करेंगे।इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष श्री एस. महेंद्र देव, नीति आयोग के सदस्य श्री रमेश चंद, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति श्री सचिन चतुर्वेदी, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर, दून विश्वविद्यालय श्री राजेंद्र पी. ममगाई, एसोसिएट प्रोफेसर, दून विश्वविद्यालय डॉ. स्वाति बिष्ट एवं मानव विकास एवं संचार संस्थान की सीईओ श्रीमती प्रियंका त्यागी सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

# मंजरी चतुर्वेदी और जौनसारी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीता

देहरादून(उद संवाददाता)। विरासत महोत्सव के प्रात: कालीन कार्यक्रम के अंतर्गत आज सुपर बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें इंजनों की गर्जना और रोमांच के साथ जीवंत हो उठी जब 26 बाइकर्स ने एक जोशीली राइड में हिस्सा लिया। यह आयोजन सुबह 10:00 बजे विरासत स्थल से शुरू हुआ और देहरादून कैंट, दिलाराम चौक, राजपुर रोड से होते हुए जाखन, मसूरी डायवर्जन से वापस बीआर अंबेडकर स्टेडियम, कॉलागढ़ रोड देहरादून विरासत के प्रांगण शामिल रहे। बाइक रैली न केवल बाइकिंग के शौकीनों की एकता का प्रतीक रहा बल्कि स्वतंत्रता, संस्कृति और एकजुटता का जश्न मनाने वाली विरासत की भावना को भी दर्शाया।विरासत सांस्कृतिक संध्या में आज मुख्य अतिथि के रुप में रानी साहिबा श्रीमती विनीता रणधीर सिंह जी रही वहीं अति विशिष्ट अतिथि में श्री सुभाष कुमार, पूर्व सीएमडी, ओएनजीसी एवं परवेज आलम अकाउंटेंट जनरल उत्तराखंड मौजूद रहे।विरासत सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम मंत्रमुग्ध हो गए।यह प्रस्तुति भगवान महासू को समर्पित एक भावपूर्ण आह्वान ष्महाशो वंदनाष से शुरू हुआ और पारंपरिक लोकगीत ष्हरोलष के साथ एक जीवंत स्वर में समाप्त हुआ। उनकी प्रस्तुति में स्वर, लय और लोक वाद्यों का अद्भुत मिश्रण रहा जो समुदाय की गहरी सांस्कृतिक जड़ों को दर्शाता है। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में नीलम शॉ, अनुज खन्ना, अंशुल वर्मा, भज्जू राम, नितेश खन्ना, सचिन वर्मा, विशाल वर्मा, अनुज वर्मा, रितिक वर्मा, अंकित दयाल, संगीत विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देना जारी रखा। विरासत सांस्कृतिक संध्या के दूसरे कार्यक्रम के अंतर्गत आज अभय रुस्तम सोपोरी ने संतूर वादन प्रस्तुत किया उन्होंने अपने संतूर वादन के प्रस्तुति में सोपारी बाज शैली में अपनी प्रस्तुति दी जो गायकी और तंत्रकारी का एक संगम रहा। पं. अभय सोपोरी जी ने राग ननद कौंस से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की एवं आलाप और जोड़ से विलम्बित झपताल में वादन किया। राग नंद कौन्स राग जोग और जोग कौन्स के बीच का राग है। इसके बाद संतूर परिवार के संरक्षक के रूप में वे जाने जाते हैं। उन्होंने अपने दादा स्वर्गीय पंडित शंभू नाथ सोपोरी जी से संगीत सीखा, महान मास्टर संगीतकार जिन्हें जम्मू और कश्मीर में श्शास्त्रीय संगीत के जनकश के रूप में जाना जाता है, और उनके पिता, महान संगीतकार पंडित भजन सोपोरी जी, संतूर लीजेंड और संगीतकार थे जिन्हें श्स्ट्रिंग्स के राजाश के रूप में जाना जाता है। उनकी प्रस्तुति का एक और उल्लेखनीय और अनूठा गुण यह है कि वे वाद्य संगीत के साथ-साथ अपनी पारंपरिक शैव-सूफी भारतीय शास्त्रीय संगीत में उसके योगदान के बारे में बात की। परिचय के बाद, प्रस्तुति की शुरुआत ष्कृपा करो मोपे प्रभुजीष के भावपूर्ण गायन से हुई, जिसने शाम को एक शांत और भक्तिमय माहौल प्रदान किया।पूरे कार्यक्रम के दौरान, मंजरी जी ने प्रत्येक कहानी खंड को भावपूर्ण शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शनों के साथ खूबसूरती से सुनाया, जबकि उस्ताद जवाद खान साहब ने अपनी गहन गायन कला और शास्त्रीय रचनाओं पर अपनी पकड़ से प्रस्तुति को समृद्ध बनाया। दोनों ने मिलकर संगीत, लय और







में समाप्त हुआ।इस राइड में देहरादून के उत्साही मोटरसाइकिल सवार एक साथ आए और अपनी शक्ति और भाईचारे का प्रदर्शन किया। इन प्रतिभागियों में सबसे प्रमुख थे शशांक ढोबल, जो समूह की सबसे उच्च-प्रदर्शन वाली बाइकों में से एक, कावासाकी निंजा 1400 आरआर चला रहे थे। उनके साथ कॉन्टिनेंटल जीटी 650 सीसी बाइक्स के साथ कई राइडर्स भी थे, जिनके बेड़े में क्लासिक एवं आकर्षण विविधता से भरे सुपर बाइक्स की शुरुआत उत्तराखंड के जौनसारी लोकगीत एवं नृत्य के साथ प्रारंभ हुआ, कार्यक्रम को जौनसार बावर मेरो मुलुक लोक सांस्कृतिक एवं कला मंच द्वारा प्रस्तुत किया गया। समिति समूह में कुल 20 प्रतिभाशाली सदस्य (15 पुरुष और 5 महिला कलाकार) शामिल रहे। , जौनसार क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को प्रदर्शित करते हुए एक मनोरम लोक नृत्य प्रस्तुति प्रस्तुत किया गया जिसे विरासत में मौजूद सभी दर्शन चंदन भारती, रिशव दयाल, मुन्ना वर्मा, मोहन वर्मा, पूनम खन्ना, शिवानी वर्मा, मीना सिंह, निशा चौहान, विशाल धीमान और आर्यन वर्मा शामिल रहे वही वाद्य यंत्र में ढोल: चंदन वर्मा, दामो: आर्यन वर्मा, रणसिंघे: मुन्ना वर्मा, गायक: सचिन वर्मा, विशाल वर्मा, कीबोर्ड: अंकित दयाल, ढोलक: अनुज वर्मा, ऑक्टोपैड: विशाल धीमान और गिटार: रितिक वर्मा ने संगत किया। अपनी लयबद्ध ताल, भावपूर्ण धुन के प्रदर्शन से यह समूह जौनसार की अभय जी ने अपने पिता पं. भजन सोपोरी जी द्वारा रचित कुछ छंद बजाए। फिर उन्होंने अपने परदादा द्वारा रचित एक पारंपरिक तराना बजाया ए उनके साथ तबले पर पं. मिथिलेश झा ने संगत दी।प्रख्यात संतूर वादक और संगीतकार पंडित अभय रुस्तम सोपोरी, भारत की प्राचीन संतूर परंपरा के वर्तमान खलीफा हैं। भारत के एक प्रतिष्ठित संगीतकार एवं कश्मीर के प्रसिद्ध सदियों पुराने सोपोरी - सूफियाना घराने से लेकर भारत के 300 साल पुराने पारंपरिक परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए गाते हैं। पं. अभय सोपोरी ने कई नए रागों की रचना की है, जिन्हें संगीत पारखी और समीक्षकों द्वारा व्यापक रूप से सराहा गया है, जैसे राग निर्मलकौंस, राग महाकाली, राग शारदा आदि।सांस्कृतिक संध्या की आखिरी प्रस्तुति मंजरी जी के एक सुंदर परिचय के साथ शुरू हुई, जिन्होंने प्रस्तुति और प्रवाह को खूबसूरती से समझाया। उन्होंने पटियाला घराने की समृद्ध परंपराओं, उसकी विशिष्ट संगीत अभिव्यक्तियों और कहानी कहने का एक आदर्श संगम बनाया। कहानी, संगीत और नृत्य के सहज मिश्रण के लिए दर्शकों की गहरी प्रशंसा के साथ प्रस्तुति का समापन हुआ। मंजरी जी और उस्ताद जवाद खान साहब का सहयोग राग और अभिव्यक्ति के बीच एक सामंजस्यपूर्ण संवाद के रूप में उभर कर आया, जो वास्तव में शास्त्रीय परंपरा के सार को दर्शाता है।मंजरी चतुर्वेदी एक भारतीय कथक नृत्यांगना हैं। वह लखनऊ घराने से ताल्लुक रखती हैं। मंजरी ने अपने शुरुआती जीवन लखनऊ में बिताए। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर (एमएससी) की उपाधि प्राप्त की और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के अंतर्गत कथक केंद्र से कथक नृत्य की व्यावसायिक श्रेणी में प्रशिक्षण प्राप्त किया।उन्होंने प्रारंभिक प्रशिक्षण लखनऊ घराने के कथक में अर्जुन मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राप्त किया। उन्होंने प्रोतिमा बेदी के नृत्यग्राम में कलानिधि नारायण से अभिनय भी सीखा। उन्होंने पंजाबी सूफी परंपराओं में बाबा बुल्ले शाह के योगदान का गहन अध्ययन किया।





# शक्तिफार्म में भव्य और अनुशासित पथ संचलन का आयोजन

शक्तिफार्म। राष्ट्र की सेवा और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर रविवार को शक्तिफार्म में भव्य और अनुशासित पथ संचलन का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल संघ के अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति का परिचायक रहा, बल्कि समाज में एकता, संस्कार और देशप्रेम का सशक्त संदेश भी लेकर आया। स्वयंसेवक पारंपरिक खाकी गणवेश में हाथों में दंड लिए पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म परिसर में एकत्र होने लगे। परिसर में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के गगनभेदी नारे गूंज उठे। ध्वजारोहण और संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। मुख्य वक्ता डॉ. नरेंद्र कुमार (विभाग प्रचारक) ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि "संघ ने अपने सौ वर्षों के इस स्वर्णिम सफर में राष्ट्र को सशक्त बनाने का जो कार्य किया है, वह अद्वितीय है। संघ का उद्देश्य केवल संगठन निर्माण नहीं, बल्कि ऐसे चरित्रवान नागरिकों का निर्माण करना है जो समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान में योगदान दें। संघ की यह यात्रा व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र तक की यात्रा है। उन्होंने कहा कि जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब भी संघ के स्वयंसेवकों ने देश



निर्माण में बढ़-चढ़कर भाग लिया। और आज जब संघ अपनी शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है, तब उसका उद्देश्य पहले से भी अधिक स्पष्ट है - "राष्ट्र प्रथम, व्यक्ति द्वितीय। इस अवसर पर जिला सह कार्यवाह पवन बिंद, खण्ड संघ चालक हरीश जोशी, खण्ड कार्यवाह मनोज कुमार, खण्ड व्यवस्था प्रमुख जयंत मंडल, खण्ड शारीरिक प्रमुख सुबल मंडल, खण्ड पर्यावरण प्रमुख सुमंत विश्वास सहित संघ के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निखिल हालदार ने की, जिन्होंने स्वयंसेवकों को संगठन की मूल भावना - "एकता में शक्ति" का संदेश दिया। सभा के उपरांत संघ के सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण अनुशासन और एकरूपता के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पथ संचलन के लिए निकले। पथ संचलन का मार्ग पीएम श्री इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर, मुख्य बाजार मार्ग, सुभाष चौक होते हुए पुन: कॉलेज परिसर में आकर समाप्त हुआ। संपूर्ण नगर इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया। स्वयंसेवकों के कदमताल के साथ भारत माता के जयघोष ने वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। अनेक स्थानों पर स्थानीय नागरिकों और व्यापारी संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। बच्चों और युवाओं में भी पथ संचलन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर राजा हालदार, मोहित बिष्ट, विश्वजीत सरकार, राकेश मित्र, प्रियांशु मंडल, विधान सरकार, धीमान सेन, शिवा कुमार, चंदन कुमार, सूरज मंडल, विप्लव आचार्य, अजय चौधरी, सुंदर कुमार, रौनिक विश्वास, गोविंद तालुकदार, संजय बाछाड़, विजय वागला, पंकज राय, रवि सरकार, अमित विश्वास, प्रशांत स्वर्णकार, विशाल राय, सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा संपन्न हुई।

# पुलिस टीम ने कार से 54 किलो गांजा बरामद किया, तस्कर फरार

अल्मोड़ा। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस टीमों की ओर से लगातार नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। भतरौंजखान पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक कार से 54 किलो गांजा बरामद किया। हालांकि गांजा तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।पुलिस टीम ने रामनगर रोड स्थित पीलीकोटी के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक स्विफ्ट कार डीएल-5-सीएफ-9911 को रुकने का इशारा किया। लेकिन चालक कार को तेज रफ्तार से भगा ले गया। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा किया। जिस पर चालक छोटी घट्टी तिराहे से करीब 100 मीटर पहले कार को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर पुलिस को चार कट्टों में कुल 54.378 किलो गांजा बरामद हुआ है। फरार तस्कर के विरुद्ध थाना भतरौजखान में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस तस्कर की तलाश में जुट गई है। यहां पुलिस टीम में चौकी प्रभारी भिकियासैंण संजय जोशी, हेड कांस्टेबल आनंद त्रिपाठी, नारायण सिंह, कांस्टेबल गणेश दत्त शामिल रहे। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने कहा कि नशा तस्करों के विरुद्ध जिलेभर में संघन अभियान जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर नशे के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।




# उत्तरांचल प्रेस क्लब के लिए बनेगा भव्य भवन : सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून में उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा आयोजित दीपावली महोत्सव-2025 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लक्की ड्रॉ विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरांचल प्रेस क्लब की भूमि के आवंटन की कार्यवाही गतिमान है। इस कार्यवाही के पूरे होने के बाद, उत्तरांचल प्रेस क्लब के लिए भव्य भवन का भी निर्माण कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन से लेकर आज तक, उत्तराखंड के अनेकों पत्रकारों ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास में लेखनी के जरिए अपनी अहम भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी पत्रकारों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व हम सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा पत्रकारों का जीवन भी दीपावली के दीपकों की तरह है, जो दिन-रात समाज को दिशा दिखाने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से इस दिवाली स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का



अनुरोध किया है। उन्होंने कहा विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड के निर्माण के लिए हमें अपने देश में स्वदेशी को बढ़ावा देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, पत्रकारों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। पत्रकारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, आकस्मिक सहायता और आवासीय योजनाओं को लेकर सरकार ने कई कदम उठाए हैं। वरिष्ठ पत्रकार सम्मान योजना के अंतर्गत अनेक वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया जा रहा है। पत्रकारों की पेंशन में वृद्धि, विभिन्न जिलों से देहरादून आने वाले पत्रकारों को पूर्व की भांति सूचना विभाग के जरिये देहरादून में रहने की उचित व्यवस्था करने का भी प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा मुख्यमंत्री पत्रकार पेंशन योजना के तहत पत्रकार कल्याण कोष का बजट 5 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए किया गया है। पत्रकारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। राज्यभर में मीडिया सेन्टरों के आधुनिकीकरण और प्रेस क्लबों के सशक्तिकरण का कार्य शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा पत्रकार, सच्चाई और जनहित के लिए जिस समर्पण से कार्य करते हैं, वो प्रशंसनीय है। पत्रकार और पत्रकारिता राजनीतिक और सामाजिक विषयों के प्रचार-प्रसार से कई ज्यादा लोकतंत्र को जीवित रखते हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन तक पहुंचाना या आमजन की समस्याओं से सरकार को अवगत कराना, इन दोनों महत्वपूर्ण दायित्वों को भी पत्रकार निभाते हैं। इस अवसर पर विधायक श्री खजान दास, आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष श्री विनय रुहेला, दायित्वधारी श्री हेमराज बिष्ट, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी, उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपेंद्र कंडारी, महामंत्री श्री सुरेंद्र डसीला एवं अन्य पत्रकार मौजूद थे।

# डा. आराधना शुक्ला बनी जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष

अल्मोड़ा। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का जिला संग्रहालय सभागार में आठवां जिला सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे उठाए। महिलाओं पर हो रहे हमलों और नफरत की राजनीति के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। पर्यवेक्षक समिति की राज्य अध्यक्ष अधिवक्ता सुनीता पांडे ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिवेश आम आदमी को उसके नागरिक अधिकारों से कोसों दूर कर रहा है। कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निर्णय लेने के फैसलों पर बेड़ियां कस रही है।



प्रगतिशील ताकतों और महिला आंदोलनों को कुचलने के प्रयास किए जा रहे हैं। डा. विजया ढौंडियाल ने कहा राज्य बनने के 25 साल बाद भी मुजफ्फर नगर कांड के दोषियों को सजा नहीं मिल पाई है, जबकि राज्य बनने में महिलाओं का संघर्ष एवं बलिदान अहम रहा है, लेकिन पहाड़ में महिलाएं चौतरफा बोझ से दबी हुई है। डा. आराधना शुक्ला ने कहा की आज के दिन की सबसे बड़ी जरूरत है कि महिलाएं संवैधानिक अवसरों का इस्तेमाल करते हुए अपने आत्मसम्मान के लिए एकजुट होकर अधिकारों को हासिल करें। सम्मेलन में जिला समिति की 17 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष पद पद डा. आराधना शुक्ला, सचिव ऋतु रावत, कोषाध्यक्ष राधा नेगी को मनोनीत किए गए। वहीं सम्मेलन में जिले की विगत तीन वर्षों की सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। यहां आशा भारती, जय पांडे, कांता नेगी, पार्वती रावत, नीमा, जयंती, सरस्वती, भगवती, सरोज, अलका, इंदु राज, आनंदी, नीमा, भगवती आदि मौजूद रहे।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



लालकुआं (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा लाल कुआं द्वारा भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 28 विद्यालय की टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें की जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग दोनों प्रतियोगिताओं में इंदिरा अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्दी ने प्रथम स्थान प्वहीं जूनियर वर्ग में आदर्श इंटर कॉलेज एवं तृतीय स्थान पर एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम रही। सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान पर चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवंदतृतीय स्थानपर स्कॉलर हेवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रतियोगिता पर्यवेक्षक जितेंद्र साहनी, शाखा प्रभारी श्रीमती उपमा सेठी, चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक शीर्ष पाठक, लाल कुआं नगर के अध्यक्ष सुरेंद्र लौटनी, शाखा लालकुआं अध्यक्ष चंद्रेश भाटिया, सचिव हेमंत जैन, जुगल किशोर गर्ग, श्रीमती अंजू खुराना, डा. राजकुमार सेतिया, शुभम अग्रवाल, मधु मित्तल, सोनिया भाटिया, नीलम भाटिया, शिखा रस्तोगी, प्रीति वैष्णव, निशा जोशी, राज लक्ष्मी पंडित, प्रेमनाथ पंडित, ऋतु अरोरा, पूर्णिमा गुप्ता, प्राची अग्रवाल, मिताली भाटिया एवं सभी विद्यालयों से आए हुए टीचर्स एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

## पेज एक का शेष...

**बिना कागजातों के ..**शिकायतों के मद्देनजर आज प्रात: परिवहन विभाग के अधिकारी दलबल के साथ डीडी चौक पहुंचे और उन्होंने वहां खड़ी सभी निजी बसों के चालकों कों बुलाकर वाहन की फिटनेस और वाहन से सम्बंधित सभी आवश्यक कागजात दिखाने को कहा। अचानक अधिकारी के आदेश से वहां खड़े सभी बस चालकों में हड़कम्प मच गया। उन्होंने बस स्वामी को मामले से अवगत कराया। इस दौरान एक बस के कागजातों में कमी पाये जाने पर चालान कर दिया गया। परिवहन अधिकारी ने सभी चालकों को निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़ा करने के आदेश दिये।

# जयनगर में आज होगा भव्य श्रीराम लीला का शुभारंभ, ठुकराल करेंगे उद्घाटन

रुद्रपुर/जयनगर। श्री शिव शक्ति सामाजिक एवं धार्मिक सेवा समिति जयनगर (रजि.) द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के जीवन पर आधारित लीलाओं



का सजीव मंचन ग्राम सभा के प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा श्री शिव मंदिर जयनगर में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह पावन रामलीला 13 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 24 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात्रि में आयोजित की जाएगी। रामलीला का शुभारंभ आज 13 अक्टूबर की रात्रि में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के करकमलों से किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, धार्मिक संगठन के प्रतिनिधि और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। आयोजन स्थल पर विशेष सजावट, भव्य मंच निर्माण, आकर्षक झांकियां और ध्वनि-प्रकाश की मनमोहक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि श्रद्धालुजन श्रीराम की पावन लीलाओं का दिव्य अनुभव कर सकें। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार की रामलीला में भगवान श्रीराम के जन्म, गुरुकुल वास, सीता स्वयंवर, वनगमन, रावण वध और श्रीराम के राज्याभिषेक जैसे प्रसंगों का मंचन अत्यंत मनोरम और धार्मिक वातावरण में किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी श्री शिव शक्ति सामाजिक एवं धार्मिक सेवा समिति जयनगर (रजि.) के समर्पित पदाधिकारियों द्वारा निभाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष शक्ति सिंह, उपाध्यक्ष बसंत कुमार सिंह, महासचिव श्याम सिंह, सचिव संदीप सिंह, उपसचिव रणधीर सिंह एवं राजेश कुमार ओझा, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश पाल, उप कोषाध्यक्ष संजय सिंह, संरक्षक चन्द्रभान सिंह, तथा व्यवस्थापक प्रदीप सिंह एवं धर्म सिंह हैं। रामलीला आयोजन में समिति के सदस्यगण कन्हैया सिंह, हिमांशु शर्मा, चन्द्रदेव सिंह, बब्बचन सिंह, ओमनारायण मौर्य, राजेश सिंह, कमल सिंह, सूरज सिंह, संदीप सिंह, प्रेमपाल, विक्रम सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सचिन सिंह, नारायण, रंजीत सिंह, कुलदीप सिंह, आदित्य सिंह, अंकित सिंह, नितिन सिंह, राकेश सिंह, समर बहादुर सिंह, सतेन्द्र कुमार, नन्हें मगत, मंजीत सिंह, राहुल सिंह, सामर सिंह, राजभूषण सिंह, डॉ. संजीव राव, जैल सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, अमर सिंह, मंगल सिंह, प्रवीन सिंह, रामकरन, बृजनारायण सिंह, मानूप्रताप सिंह, संजय सिंह, विशाल सिंह, कुंवर सिंह, नीरज सिंह, सुरजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, ध्रुव सिंह, संजीत सिंह, सतेन्द्र सिंह और राकेश सिंह का विशेष सहयोग मिल रहा है।समिति के पदाधिकारियों ने समस्त राम भक्तों से सादर निवेदन किया है कि वे परिवार सहित पधारकर श्रीराम लीला का दर्शन करें, प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


## नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी डाकघर की जीवन बीमा निधि पॉलिसी संख्या आर ए 46726 में मेरा नाम भूलवश धरम पाल सिंह (Dharam Pal Singh) दर्ज हो गया है। जबकि आधार व पैन कार्ड में सही नाम धर्म सिंह (Dharm Singh) है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं।

**धर्म सिंह पुत्र कन्हई सिंह**
**निवासी-ग्राम भटभोज हीरा, कुल्हा पो.आ. मझरा आनंद सिंह ( उधम सिंह नगर )**


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रुद्रपुर के मंगलम ज्वैलर्स में ग्राहकों की भारी भीड़

## धनतेरस-दीपावली पर आकर्षक ऑफर से बढ़ी रौनक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित स्वर्ण एवं रजत आभूषणों के प्रतिष्ठान 'मंगलम ज्वैलर्स' द्वारा धनतेरस और दीपावली पर्व पर ग्राहकों को विशेष छूट दे रहा हैं। शोरूम में धनतेरस से पूर्व ही ग्राहकों द्वारा अपनी ज्वैलरी के आर्डर बुक कराये जा रहे है। हर दिन बड़ी संख्या में ग्राहक अपने मनपसंद के सोने, चांदी और हीरे के आकर्षक डिजाइनों के आभूषण खरीदने पहुंच रहे हैं। प्रतिष्ठान स्वामी महेन्द्र अनेजा ने बताया कि इस वर्ष 'धनतेरस और दीपावली' के मौके पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर और भारी छूट की घोषणा की गई है। यह ऑफर 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक लागू रहेगा। इस अवधि में 'गोल्ड ज्वेलरी' के 'मेकिंग चार्ज' पर विशेष छूट के साथ-साथ 'डायमंड ज्वेलरी' पर भी शानदार ऑफर दिए जा रहे हैं। साथ ही प्रत्येक खरीदारी पर आकर्षक उपहार भी प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठान में पूरी तरह हॉलमार्क युक्त गोल्ड और आईजीआई प्रमाणित डायमंड ज्वेलरी की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। पारंपरिक डिजाइनों से लेकर आधुनिक ट्रेंड के अनुरूप तैयार किए गए 'नेकलेस सेट, ब्रेसलेट, रिंग, इयररिंग्स' और 'चांदी के आर्टिकल्स' ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे हैं।श्री अनेजा ने बताया कि आने वाले विवाह सीजन को देखते हुए मंगलम ज्वैलर्स ने प्रसिद्ध कम्पनियों के नए वैवाहिक कलेक्शन भी लॉन्च किए हैं, जिनमें पारंपरिक भारतीय डिजाइनों के साथ-साथ आधुनिक टच दिया गया है। उन्होंने बताया कि शादी-विवाह के लिए पहले से ही कई ग्राहकों ने 'कस्टम डिजाइन ऑर्डर' भी बुक कराए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के पर्व सीजन में सबसे अधिक रुचि 'गोल्ड एक्सचेंज ऑफर' को लेकर दिखाई दे रही है। इस योजना के अंतर्गत ''22 कैरेट, 20 कैरेट और 18 कैरेट के सोने पर 100 प्रतिशत गोल्ड एक्सचेंज'' की सुविधा ग्राहकों को दी जा रही है। इससे पुराने आभूषणों को नई ज्वेलरी में बदलना आसान और किफायती हो गया है। श्री अनेजा ने बताया कि "हमारी प्राथमिकता हमेशा ग्राहकों को सर्वोत्तम गुणवत्ता के आभूषण उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना है। हमारी नीति पारदर्शिता, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर आधारित रही है। इसी कारण मंगलम ज्वैलर्स वर्षों से रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्र के ग्राहकों का विश्वास जीतने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस बार दीपावली और आगामी विवाह सीजन में सोने की बिक्री पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक होगी। ग्राहकों की संतुष्टि और विश्वास ही हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।






# जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सीएम धामी से मिले चुघ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से काशीपुर जिला के भाजपा सह प्रभारी भारत भूषण चुघ ने शिष्टाचार भेंट की और कई विषयों पर चर्चा की। चुघ ने सीएम धामी को अवगत कराया की भूरारानी , शांति विहार व बिन्दुखेड़ा, व आरएएन स्कूल के पानी के जलभराव व निकासी तथा भगवानपुर व अन्य क्षेत्रों में कई सड़के जर्जर अवस्था में पहुंच गई हैं जिसका आए दिन वहां हादसे होते हैं ऐसे में उन सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। ताकि इसका लाभ वहां की जनता को मिल सके। मुख्यमंत्री धामी ने आश्वास्त किया कि पूरे राज्य की सड़कों को गड्ढा मुक्त करना सरकार का लक्ष्य है और निरंतर इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलजुल कर सड़कों का जाल बिछा रही है ताकि आम जनमानस को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार हर व्यक्ति के विकास और उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है और जनहित से जुड़े सभी वादों को पूरा किया जाएगा। चुघ ने मुख्यमंत्री के इस आश्वासन पर उनका आभार जताया। तथा उनके द्वारा लिए जा रहे जनकल्याणकारी निर्णय की भी के लिए भी आभार व्यक्त किया कि धामी सरकार लगातार युवाओं छात्रों और किसानों के लिए लगातार काम कर रही है और राज्य में चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है।













# पार्किंग क्षेत्र में जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पार्किंग क्षेत्र में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले 3 जुआरियों को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने हजारों की नगदी व ताश पत्तों सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना बनभूलपुरा पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन से आगे पार्किंग क्षेत्र से 3 व्यक्तियों को ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर मौके से 52 पत्ते ताश तथा 3380 रुपए नकद बरामद किए गए। पूछताछ करने पर पकड़ गए जुआरियों ने अपना नाम पता फजले अहमद, पुत्र इकबाल हुसैन, निवासी लाइन नं.8, बनभूलपुरा, मोहम्मद रफी पुत्र रफीक, निवासी लाइन नं.17, आजाद नगर,बनभूलपुरा तथा जिब्राइल पुत्र नबी अहमद, निवासी मोहम्मदी चौक के पास, इंदिरा नगर, बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने सभी जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया। पुलिस टीम में अपर उनि हेमंत कुमार, का. नरेंद्र गिरी व सुच्चा सिंह शामिल थे।

